# VAISH COLLEGE,BHIWANI

**(AFFILIATED TO CHAUDHARY BANSILAL UNIVERSITY,BHIWANI)**

**7.1.9:-**Sensitization of students and employees of the Institution to the constitutional obligations: values, rights, duties and responsibilities of citizens

# Steps for sensitizing employee and students

- Displaying code of conduct at college website and library.
- Organizing extension Lectures.
- Cultural activities.
- Celebrating voters' day.
- Celebrating constitution day.
- Sensitizing programme on gender equality.
- Women day celebration.

हरिभूमि

## वैश्य कॉलेज में एक दिवसीय कार्यशाला में बोले प्रो. डॉ. हरीश

# बौद्धिक सम्पदा अधिकार मस्तिष्क के विचारों से उत्पन्न एक उपज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

बौद्धिक संपदा अधिकार आपके शोध,अविष्कार या रंचनाओं को हमेशा के लिए आपकी.बनाता है। इस अधिकार की जानकारी हमारी बौद्धिक क्षमताओं से उपजी किसी भी कृति को चोरी होने से और उसके गलत इस्तेमाल से भी बचाती है। हर अविष्कारक को हर रचनाकार,लेखक,वैज्ञानिक और हर शिक्षाविद को इस अधिकार की जानकारी होनी चाहिए ताकि वो अपनी कृतियों को पेटेंट,कॉपीराइट या ट्रेडमार्क करवा कर उस पर सदा के लिए अपना अधिकार जता सकें।

यह बात वैश्य महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में बोलते हुए प्रो. डॉ. हरीश कुमार ने कही। प्रो. हरीश कुमार केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में रसायन विज्ञान विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ.संजय गोयल ने भविष्य में भी इस तरह की कार्यशाला आयोजित करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आज के इस सोशल मीडिया के युग में बौद्धिक संपदा अधिकार को जानना अति आवश्यक है क्योंकि इस अधिकार के संरक्षण में ही हम अपनी रचनाओं को सुरक्षित रख पाएंगे। वैश्य महाविद्यालय भिवानी के मनोविज्ञान विभाग द्वारा यह एक दिवसीय कार्यशाला महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वाधान में आयोजित करवाई गई थी। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रो. हरीश कुमार का स्वागत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल,कार्यशाला के सयोजक डॉ. सतीश कुमार और आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के इंचार्ज डॉ. कृष्ण कुमार व डॉ. मनीष कुमार ने किया। कार्यशाला का मंच संचालन आयोजन सचिव डॉ.हरिकेश पंघाल ने किया। मुख्य वक्ता प्रो हरीश कुमार ने कहा कि आईपीआर यानी इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राईट यानी बौद्धिक सम्पदा अधिकार मानव मस्तिष्क के विचारों से उत्पन्न एक उपज हैं। दुनिया के देश, कई सदियों से अपने-अपने अलग कानून बना कर इस मानव मस्तिष्क से उत्पन्न उपज को सुरक्षित करते चले आ रहें हैं। उन्होंने बताया कि बौद्धिक संपदा को हम पेटेंट, डिजाइन, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क द्वारा सुरक्षित कर सकते हैं। बौद्धिक संपदा अधिकार आपकी रचनाओं को आपके अविष्कारों की चोरी होने से तो बचाता ही है इसके साथ साथ ये आपकी बौद्धिक संपदाओं पर केवल आपके अधिकार की ही पुष्टि भी करता है।



भिवानी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो: हरिभूमि

### ये मौजूद रहे

डॉ हरीश कुमार ने विस्तार से पेटेंट और कॉपीराइट कानून की जानकारी देते हुए उनकी मियाद और विषयवस्तु पर भी प्रकाश डालते हुए यह जानकारी भी दी कि पेटेंट केवल नए अविष्कारों पर ही हो सकता है। नई खोज पर पेटेंट का अधिकार नहीं लिया जा सकता। अंत में आयोजन सचिव डॉ. हरिकेश पंघाल ने आए हुए अतिथियो और महाविद्यालय स्टाफ का धन्यवाद किया। कार्यशाला में 80 प्राध्यापको ने अपना पंजीकरण करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. सुधा चौहान,डॉ. नरेंद्र सिंह,स्वपोषित विभाग की निर्देशिका डॉ. प्रोमिला दहिया सुहाग,डॉ. सविता जैन,डॉ. सरिता गोयल,डॉ. मधु गुप्ता,डॉ. रीना ,प्रो. धीरज त्रिखा, डॉ. अनिल शर्मा,पुस्तकालयाध्यक्ष मंगत राम,सुनील कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

दैनिक भास्कर, हिसार, शुक्रवार 27 मई, 2022



भिवानी. वैश्य महाविद्यालय में बौद्धिक संपदा अधिकार पर आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते वक्ता।

# आपके शोध, अविष्कार या रचनाओं को हमेशा के लिए आपका बनाता है बौद्धिक संपदा अधिकार: डॉ. हरीश

## इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट पर कार्यशाला आयोजित

भास्कर न्यूज | भिवानी

बौद्धिक संपदा अधिकार आपके शोध, अविष्कार या रचनाओं को हमेशा के लिए आपकी बनाता है। इस अधिकार की जानकारी हमारी बौद्धिक क्षमताओं से उपजी किसी भी कृति को चोरी होने से और उसके गलत इस्तेमाल से भी बचाती है। वैश्य महाविद्यालय में इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट यानी बौद्धिक संपदा अधिकार पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला में प्रो. डॉ. हरीश कुमार अपना वक्तव्य दे रहे थे। प्रो. हरीश कुमार केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में रसायन विज्ञान विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने भविष्य में भी इस तरह की कार्यशाला करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आज के इस सोशल मीडिया के युग में बौद्धिक संपदा अधिकार को जानना अति आवश्यक है क्योंकि इस अधिकार के संरक्षण में ही हम अपनी रचनाओं को सुरक्षित रख पाएंगे। मंच संचालन डॉ. हरिकेश पंघाल ने किया। कार्यशाला में 80 प्राध्यापकों ने अपना पंजीकरण करवाया। इस अवसर पर प्रवक्ता डॉ. सुधा चौहान, डॉ. नरेंद्र सिंह, डॉ. प्रोमिला दहिया सुहाग, डॉ. सविता जैन, डॉ. सरिता गोयल, डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. रीना रानी, प्रो. धीरज त्रिखा, डॉ. अनिल शर्मा आदि उपस्थित रहे।

**Seminar on intellectual property rights**




**Human Right awareness campaign**




**Awareness drive for Human Rights**

# हस्ताक्षर अभियान मौलिक कर्त्तव्यों के संदर्भ में ली शपथ



हस्ताक्षर अभियान मौलिक कर्तव्यों के संदर्भ में शपथ लेते एनएसएस स्वयं सेवक।

भिवानी, 27 दिसंबर(गुलशन कुमार): वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अंतर्गत संविधान जागरूकता अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। कार्यक्र म की शुरु आत एनएसएस के राष्ट्रीय गीत के माध्यम से हुई। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्य डा. सुधा रानी ने स्वयंसेवकों को भारतीय संविधान की विशेषताओं से अवगत करवाया तथा हमारे मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार सहित जानकारी दी। तत्पश्चात हस्ताक्षर अभियान की शुरु आत हुई जिसमें कालेज के समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों ने हस्ताक्षर किए तत्पश्चात प्रोग्राम अधिकारी डा. रीना के द्वारा स्वयंसेवकों को मौलिक कर्तव्य के संदर्भ में शपथ दिलाई गई तथा कहा गया कि हम संविधान में विर्णत 11 मौलिक कर्तव्य को अपने जीवन में अंगीकार करेंगे और एक अच्छे नागरिक बनकर देश की एकता अखंडता और उन्नति में अहम योगदान देंगे।

**Signature drive to spread awareness for Human rights**



भाषण प्रतियोगिता में दिव्या शर्मा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान.pdf

# भाषण प्रतियोगिता में दिव्या शर्मा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

# निबंध लेखन प्रतियोगिता में संजना ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

अनुज राणा

SAMACHAR SEVAK
समाचार सेवक

**भिवानी,** वैश्य महाविद्यालय के मनोविज्ञान कक्ष में वोटर कमेटी के द्वारा भाषण प्रतियोगिता व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका शीर्षक सुगम चुनाव में तकनीकी प्रौद्योगिकी का प्रयोग रहा कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य डॉ सुधा रानी के संबोधन से हुई जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया के बारे में विस्तार सहित बताया। वोटर कमेटी के कन्वीनर श्री रतन सिंह जी ने विद्यार्थियों को बताया कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है जिसमें मतदाता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कॉलेज कैंपस वोटर एम्बेसडर श्रीमती मधु रानी जी ने बच्चों को चुनावों में भागीदारी निश्चित करने के लिए मत बनवाने के लिए प्रेरित किया। कमेटी की सदस्य डॉक्टर रीना ने विद्यार्थियों को बताया कि देश के विकास में दे अपना योगदान: हर हाल में करना अपना मतदान। भाषण प्रतियोगिता में दिव्या शर्मा बी ए द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान पर संजना बीकॉम फाइनल ईयर द्वितीय स्थान पर तथा सत्यांशु शर्मा बीए सेकंड ईयर तृतीय स्थान पर रहे निबंध लेखन प्रतियोगिता में संजना बीकॉम फाइनल ईयर ने प्रथम स्थान सत्यांशु शर्मा बीए सेकंड ने द्वितीय स्थान तथा दिव्या शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

**Programme for Voter Awareness among Students**

# महिलाओं के विकास के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं : डॉ. गोयल



जगत क्रान्ति ⏭ भिवानी

महिलाओं का विकास देश का विकास है। महिलाओं के विकास के बिना राष्ट्र का विकास संभव नहीं है। महिलाओं की साक्षरता, उनकी जागरूकता और उनकी उन्नति ना केवल उनकी गृहस्थी के विकास में सहायक साबित होती है बल्कि उनकी जागरूकता एवं साक्षरता देश के विकास में भी अहम् भूमिका निभाती है। ये बात अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर वैश्य महाविद्यालय के सभागार में महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई एवं नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इंटर कॉलेज कविता पाठ प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय गोयल ने कहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के जूलॉजी डिपार्टमेंट से डॉ. ललिता गुप्ता, समाज सेवी रवींद्र बापोडा द्वारा किया गया। चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय के जूलॉजी डिपार्टमेंट से डॉ. ललित गुप्ता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के साथ-साथ अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस के बारे में भी विस्तार सहित बताया। समाजसेवी रविंद्र बापोड़ा ने विद्यार्थियों को नारी शक्ति का सम्मान करने के लिए प्रेरित करते हुए महिलाओं का सम्मान करने की बात कही।

**Event for spread awareness among girls students for their rights**

# बाल मजदूरी के खिलाफ आवाज उठाएं

- भावी पीढ़ी के अधिकारों का ज्ञान देने के लिए निर्धारित विशेष दिन है बाल दिवस : डॉ. रीना

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

वैश्य महाविद्यालय के प्रांगण में एनएसएस इकाई 1 के द्वारा प्रोग्राम अधिकारी डॉ. रीना के मार्गदर्शन में बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस के गीत द्वारा की गई। कार्यक्रम के प्रारंभ में उप प्राचार्य सविता जैन के द्वारा स्वयंसेवकों को बाल दिवस का महत्व बताया गया तथा समय प्रबंधन के बारे में विस्तार सहित जानकारी दी। अंग्रेजी प्रवक्ता सरिता गोयल के द्वारा बच्चों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित करने के बारे में बताया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीना ने बताया कि बाल दिवस कोई साधारण दिन नही हैं। यह हमारे देश के भावी पीढ़ी के अधिकारों का ज्ञान देने के लिए निर्धारित किया हुआ एक विशेष दिन है। भारत जैसे विकासशील देश में इसका महत्व और भी बढ़ जाता है क्योंकि उभरती हुई अर्थव्यवस्था होने के कारण यहां बाल मजदूरी और बाल अधिकारों के शोषण की नित्य ही कोई ना कोई घटना सुनने को मिलती है। इसलिए यह काफी जरुरी है कि हम न सिर्फ बच्चों बल्कि उनके अभिभावकों को भी बच्चों के मौलिक अधिकारों के विषय में पूर्ण जानकारी दें।



भिवानी। उपस्थित स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए स्टॉफ सदस्य।

**Spreading awareness regarding Child labour**




**Rally To spread awareness regarding traffic rules and regulations**

# ‘विद्यार्थी करें यातायात नियमों का पालन’




जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथिगण। विज्ञप्ति


**संवाद न्यूज एजेंसी**

**भिवानी।** वैश्य महाविद्यालय में एनसीसी व एनएसएस यूनिट प्रथम के संयुक्त तत्वावधान में ट्रैफिक अवेयरनेस कैंप का आयोजन कैप्टन डॉ. अअनिल तंवर, डॉ. मनीष कुमार व डॉ. रीना के निर्देशन में हुआ। शिविर में बतौर मुख्यातिथि महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने शिरकत की।


पवन कुमार बुवानीवाला महासचिव, सुरेश गुप्ता महासचिव ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिविर में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य डॉ. सुधा रानी ने अतिथियों का स्वागत किया। अजय गुप्ता ने कहा कि हम सबको यातायात नियमों संबंधी जानकारी होनी चाहिए एवं इन नियमों का हमें अपने जीवन में दृढ़ता से पालन करना चाहिए। इंदौर में हुई राष्ट्रीय फायरिंग प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कैडेट दीपक ने पंजाब, हरियाणा, हिमाचल व चंडीगढ़ डायरेक्टरेट की तरफ से भाग लेने पर महाविद्यालय प्रबंध समिति ने 5100 रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ट्रैफिक सब-इंस्पेक्टर मलखान सिंह ने विद्यार्थियों को यातायात सुरक्षा व यातायात नियमों के बारे विस्तार से बताया।

**Awareness rally  for traffic Rules**

]




**Spreading awareness to vote on voters' day**



National Service Scheme
(Ministry of Youth Affairs and Sports)
Vaish College Bhiwani
(Affiliated to Chaudhary Bansi Lal University)

*Inter College Poetry Competition on International Women's Day 8 March 2022. With collaboration of* Nehru Yuva Kendra

*Topic :- Women Empowerment*

*Rules*

*The competition is on offline mode*

*The competition is open for undergraduate and postgraduate students of any stream .*

*Medium- Hindi/English/Punjabi/Haryanvi*

*Time limit- 4 to 5 Minutes*

*Send your details-: Name, Father's Name, Class , Roll number, Name of College on email id* vcbnss1142@gmail.com. by tomorrow (7March 2022) till 6.p.m

*Venue of the Competition- Seminar Hall of Vaish College Bhiwani*

*Time to report for the competition- 10 am on 8March 2022*

*Trophy will be given to first , second and third position holders.*

*Decision of judges will be final*

*E certificate will be given to all participants*

*For any query please contact 8901177160*

*NSS Unit Ist Vaish College Bhiwani*

[illegible]

**Seminar to spread awareness to women for their rights**